कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू

(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

सूचना

पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के शिक्षा प्रदान करने हेतु संचालित आवासीय विद्यालयों में **PGT/TGT/PRT** प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के कारण पठन–पाठन कार्य के लिए पलामू जिला के योग्य बेरोजगार युवक/युवतियों की सेवा घंटी आधारित शिक्षक के रूप में अधिप्राप्ति किया जाना है। जिले में विद्यालयवार स्वीकृत पदों की रिक्तियाँ निम्न प्रकार हैं:–

क्रं0	विद्यालय का नाम	विषय का नाम	**PGT** रिक्तियां	**TGT** रिक्तियां	**PRT** रिक्तियां
1	राजकीय पिछड़ा जाति आवासीय बालिका उच्च +2 विद्यालय अयोध्या कोल्हुआ, चैनपुर, पलामू	भौतिकी	01	–	–
		रसायन	01	–	–
		गणित	01	–	–
		जीवविज्ञान	01	–	–
		वाणिज्य	01	–	–
		हिन्दी	–	01	–
		अंग्रेजी	–	01	–
		गणित + भौतिकी	–	01	–
		जीवविज्ञान + रसायन	–	01	–
2	राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय कौआखोह, हरिहरगंज, पलामू	हिन्दी	–	01	–
		संस्कृत	–	01	–
		गणित + भौतिकी	–	01	–
		जीवविज्ञान + रसायन	–	01	–
		भूगोल	–	01	–
		इतिहास + नागरिक शास्त्र	–	01	–
		अर्थशास्त्र	–	01	–
		खेल	–	01	–
		सभी विषयों के लिए	–	–	04
3	राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लेस्लीगंज, पलामू	सभी विषयों के लिए	–	–	05
4	राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डुमरी, छतरपुर, पलामू	सभी विषयों के लिए	–	–	04
कुल			05	12	13

पलामू जिला के निवासी स्नातक प्रशिक्षित योग्य युवक/युवतियों से दिनांक ....19/01/24..... तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में निम्नांकित विहित–प्रपत्र में आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ड आमंत्रित किया जाता है।

आरक्षण सुविधा के अनुसार **PGT** में अनुसूचित जाति– 02, पिछड़ा वर्ग 1– 01, सामान्य वर्ग– 02 **TGT** में अनुसूचित जाति– 04, अनुसूचित जनजाति– 01, पिछड़ा वर्ग 1– 01, **EWS**– 01, सामान्य वर्ग– 05 एवं **PRT** में अनुसूचित जाति– 01, अनुसूचित जनजाति– 02, पिछड़ा वर्ग 1– 01, पिछड़ा वर्ग 2– 01, **EWS**– 02, सामान्य वर्ग– 06 रिक्तियाँ है, जिसके अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

शर्तें:–

1. अंशकालिन सेवा प्राप्ति के अन्तर्गत 06 माह के लिए मानदेय पर सेवा हेतु योग्यताधारी बेरोजगार युवक/युवतियों का चयन किया जाएगा।

2. अंशकालिन सेवा हेतु किसी भी तरह का भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

3. चयनित शिक्षक किसी अवकाश के हकदार नहीं होगे।

4. चयनित शिक्षकों को विद्यालय में आवास की सुविधा नहीं दी जायेगी।

5. चयनित शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति के आलोक में किये गये अध्यापन कार्य के आधार पर वृत्तिका का भुगतान किया जायेगा।

6. शिक्षकों से कार्य एकरारनामा के आधार पर लिया जायेगा, जिसमें उसी प्रखण्ड के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/महिला शिक्षकों तथा स्थानीय भाषा के जानकार को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन के लिए सरकार के आरक्षण रोस्टर के प्रावधान का भी अनुपालन किया जायेगा।

7. उक्त समिति द्वारा चयन के दौरान प्रखण्ड स्तर पर अभ्यर्थी अनुपलब्ध पाये जाने की स्थिति में जिला स्तर पर उपलब्ध योग्य अभ्यर्थी से इसका चयन कर भरा जायेगा।

8. योग्य अभ्यर्थी की सेवा लिये जाने हेतु आवश्यकतानुसार विषय के आधार पर चयन किया जायेगा।

9. जिला स्तर पर संबंधित विषय के **PG/Graduate, B.Ed/B.T** प्रशिक्षण प्राप्त डिग्रीधारकों को मेधाक्रम के आधार पर उपरोक्त शर्तो पर पूरी तरह अस्थायी रूप से समिति द्वारा चयन किया जाएगा।

10. एकरारनामें की शर्तो के विचलन की स्थिति में या असंतोषप्रद कार्य की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के चयनित शिक्षकों की सेवा तत्काल प्रभाव से सम ाप्त की जा सकती है। यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है इसपर भविष्य में किसी भी स्थायीकरण अथवा अन्य प्रकार का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

11. चयनित शिक्षकों की सेवा 200/– प्रति घंटी के आधार पर अधिकतम 04 घंटी एक कार्य दिवस में एवं सप्ताह में 05 कार्य दिवस तक कार्य लिया जायेगा। सेवा संतोषप्रद हो तो आवश्यकतानुसार उन्हें पुनः अगले 06 माह के लिए रखा जा सकता है। जिला स्तरीय कमिटि के द्वारा कार्यो के मूल्यांकन के आधार पर उक्त सेवा विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।

12. उक्त छः माह की अवधि में शिक्षक नियुक्ति पूर्ण नहीं हो पाने की स्थिति में पुनः अगले छः माह तक कार्य लिया जा सकेगा।

13. **PRT** एवं **TGT** के पदों हेतु **TET** उत्तीर्णता आवश्यक है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

आवेदन हेतु विहित–प्रपत्र

फोटो स्वः हस्ताक्षरित

1. आवेदित पद का नाम/विषय :– .....
2. आवेदक का नाम :– .....
3. पिता/पति का नाम :– .....
4. कोटि जाति के साथ **(UR/EWS/BC-I/BC-II/SC/ST)** :– .....
   (सत्यापित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)
5. लिंग :– .....
6. जन्म तिथि :– .....
7. स्थायी पता :– ग्राम/मुहल्ला ....., डाकघर .....,
   थाना ....., प्रखण्ड ....., जिला .....,
   पिन कोड .....
8. पत्राचार का पता :– ग्राम/मुहल्ला ....., डाकघर .....,
   थाना ....., प्रखण्ड ....., जिला .....,
   पिन कोड .....
9. मोबाईल नं0 :– ....., **Whatsapp No.** .....
10. **Email-Id** :– .....
11. शैक्षणिक योग्यता :– (प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

क्रं0	परीक्षा का नाम	बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम	वर्ष	विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत (%)	श्रेणी
1	मैट्रिक							
2	इन्टर							
3	स्नातक							
4	स्नाकोत्तर							
5	बी0एड0							
6	**TET**							

(सभी प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। जैसे– जाति/स्थानीय/शैक्षणिक प्रमाण–पत्र)

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरणी मेरे द्वारा सही भरे गये है, यदि किसी भी जाँच के क्रम में यह गलत/त्रुटि पाया जाता है, तो मुझ पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक :–

स्थान :–

आवेदक का हस्ताक्षर